**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**09 मई 2025, समय 1810**

- **भारतीय सशस्त्र बलों ने कल रात पाकिस्तान द्वारा उत्तरी तथा पश्चिमी शहरों को निशाना बनाने के लिए पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों को विफल किया।**
- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।**
- **केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा है कि चंडीगढ़ प्रशासन हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। जमाखोरी और मुनाफाखोरी को रोकने के लिए कदम उठाये गए।**
- **चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री कंवरदीप कौर ने लोगों से अफवाहों पर यकीन न करने और ब्लैकआउट के नियमों को पलना करने की अपील की।**
- **भारतीय तेल निगम लिमिटेड ने कहा कि देशभर में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध और रसोई गैस की भी कोई कमी नहीं है।**

*****************************************************************

भारतीय सशस्त्र बलों ने कल रात पाकिस्तान द्वारा उत्तरी तथा पश्चिमी शहरों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और मिसाइलों से किये गए सभी हमलों को विफल कर दिया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और उधमपुर तथा अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास के कई स्थानों और सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया था। हालांकि भारतीय सशस्त्र बलों ने हर पाकिस्तानी हमले को नाकाम कर दिया। इस दौरान जनहानि की कोई सूचना नहीं

मिली है।पाकिस्तान से सतवारी, सांबा, जम्मू और कश्मीर के आरएस पुरा तथा अरनिया की तरफ आठ मिसाइलों को भेजा गया। भारतीय हवाई रक्षा इकाइयों ने इन सभी मिसाइलों को चिन्हित और नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की ओर से इस तरह के हमले आतंकवादी संगठन हमास द्वारा इजरायल पर किये गए हमलों की तरह ही हैं।इस बीच, सीमा सुरक्षा बल ने जम्मू और कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ के बड़े प्रयास को विफल करते हुए कम से कम सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। सूत्रों ने बताया है कि आतंकवादियों का एक बड़ा समूह घुसपैठ की कोशिश में था, जिसे भारतीय सुरक्षाकर्मियों ने असफल कर दिया। इस दौरान ढांढर चौकी पर पाकिस्तान की तरफ गोलीबारी की जाती रही। सीमा सुरक्षा बल के सतर्क सैनिकों ने पाकिस्तान के हर प्रयास को विफल किया।

*****************************************************************
***********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी शामिल हुए। बैठक में रक्षा सचिव आर. के. सिंह भी मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशकों के साथ बैठक की।

*****************************************************************
*******

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमर योद्धा महाराणा प्रताप को आज उनकी जयंती पर नमन किया। सोशल मीडिया पर एक संदेश में उन्होंने कहा कि मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप ने जो साहस और वीरता दिखाई वह देशवासियों के लिए मार्गदर्शक बनी हुई है।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत माता को समर्पित योद्धा का वीरतापूर्ण जीवन देशवासियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

*****************************************************************
********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

************************************************************************

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा है कि प्रशासन हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।लोगों को मौजूदा स्थिति और पूरे केंद्र शासित प्रदेश में किए जा रहे तैयारियों से अवगत कराने के लिए मीडिया को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने पिछले दो दिनों में चंडीगढ़ के निवासियों के अनुकरणीय सहयोग के लिए उनकी हार्दिक सराहना की।

उन्होंने बताया -

1- बाइट -निशांत कुमार -25 सेकंड

उपयुक्त ने कहा कि चंडीगढ़ में बाजार आम दिनों की तरह खुले हैं और चंडीगढ़ प्रशासन ने आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और मुनाफाखोरी को रोकने के लिए कदम उठाए हैं।

2 बाइट -निशांत कुमार -32 सेकंड

श्री निशांत कुमार ने कहा कि चंडीगढ़ में सुरक्षा के भी पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं । सभी सरकारी कर्मचारियों, विशेष रूप से आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों को चंडीगढ़ में ही रहने का निर्देश दिया गया है ।

3-बाइट -निशांत कुमार -22 सेकंड

************************************************************************

चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री कंवरदीप कौर ने लोगों से अफवाहों पर विश्वास न करने को कहा है।

उन्होंने कहा-

4-बाइट –कंवरदीप कौर -34 सेकंड

उन्होंने कहा कि पिछली शाम को पूरे शहर में की गई बिजली कटौती और इससे पहले की गई मॉक ड्रिल दोनों ही सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

5-बाइट – कंवरदीप कौर -34 सेकंड

उन्होंने ब्लैकाउट के दौरान सड़क पर चल रहे वाहन चालकों से सहयोग की अपील की।

6- बाइट –कंवरदीप कौर -32 सेकंड

उन्होंने कहा कि ब्लैकआउट अवधि के दौरान सभी सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटों को मैन्युअल रूप से निष्क्रिय किया जाए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुछ नाइट-विज़न कैमरे संचालन के दौरान प्रकाश उत्सर्जित करते हैं। उन्होंने संपत्ति मालिकों को ब्लैकआउट के दौरान इस सुविधा को अक्षम करने की सलाह दी ।

**************************************************************
**********

भारतीय तेल निगम लिमिटेड-आईओसीएल ने कहा है कि देशभर में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और इसकी आपूर्ति लाइनें सुचारू रूप से चल रही हैं। आईओसीएल ने नागरिकों से यह भी आग्रह किया है कि वे घबराहट में खरीदारी करने और अनावश्यक भीड़ से बचें ताकि सभी के लिए ईंधन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। आईओसीएल ने कहा कि उसके सभी विक्रय केन्द्रों पर ईंधन और एलपीजी आसानी से उपलब्ध है।

*****************************************************************
***********

कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह ने आपात स्थिति में सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन के साथ ली गई बैठक के दौरान जिला वासियों से आपात स्थिति में न घबराने की अपील की है।

उन्होंने कहा -

7-बाइट -दी सी -कुरुक्षेत्र -28 सेकंड

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी की जा रही है।